Website : www.alldstateuniversity.org E-mail ID- registrarasua@gmail.com

इलाहाबाद राज्य विश्वविद्यालय, इलाहाबाद, उ०प्र०
Allahabad State University, Allahabad, U.P.

संदर्भ संo: इ०रा०वि०वि० / C.o.E / 105 / 2017 दिनांक: 18 / 08 / 2017

कार्यालय–ज्ञाप

आदेशानुसार सत्र 2016–17 की संस्थागत / व्यक्तिगत वार्षिक परीक्षा की बैक पेपर (परीक्षा परिणाम सुधार) परीक्षा 2017 हेतु पात्र व इच्छुक अभ्यर्थियों से एतदद्वारा आनलाइन आवेदन दिनांक 19, अगस्त 2017 से दिनांक 20, सितम्बर 2017 तक आमंत्रित किए जाते हैं। बैक पेपर (परीक्षा परिणाम सुधार) सुविधा केवल एक प्रश्नपत्र के लिए उपलब्ध होगी।

आवेदन की आनलाइन प्रक्रिया निम्नवत् है

1. वेबसाइट पर दिए दर्शाए गए बैक पेपर (परीक्षा परिणाम सुधार) आनलाइन फार्म सबमिशन लिंक पर क्लिक करेंगे, जिसके उपरान्त एक नया पेज खुलकर आऐगा जिसमें विद्यार्थी अपना रोल नं0 और जन्मतिथि भर के आगे फार्म खोल सकता है।
2. रोल नं0 और जन्मतिथि से लागिन करने के उपरान्त विद्यार्थी का फार्म खुल जाएगा जिसमें उसका समस्त विवरण अंकित होगा, और उसे अपने विषय (जिसमें उसको बैक पेपर / परीक्षा परिणाम सुधार फार्म भरना है) को सेलेक्ट करने का विकल्प (Option) दिया गया है, पेपर सेलेक्ट करने के उपरान्त सेव बटन (Save Button) क्लिक करके फार्म सबमिट हो जाएगा।
3. फार्म सबमिट होने के उपरान्त एक नई विंडो खुलकर आएगी जिसमें आनलाइन पेमेंट का विकल्प दिया गया है जिसके माध्यम से विद्यार्थी आनलाइन पेमेंट करेगा, पेमेंट करने के उपरान्त ही आपके फार्म का प्रिंट निकलेगा। बैक पेपर परीक्षा शुल्क छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर की भाँति रू0 500 / – निर्धारित किया गया है। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर Helpline No.- 9452272132 पर सम्पर्क किया जा सकता है।
4. बैक पेपर परीक्षा का पात्रता विषयक विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.alldstateuniversity.org उपलब्ध है। परीक्षा शुल्क का आनलाइन पेमेन्ट दिनांक 22.09.2017 तक किया जा सकता है।

(डॉ0 साहब लाल मौर्य)
कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्राचार्य / प्राचार्या विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सम्बन्धित समस्त महाविद्यालय।
2. समस्त उपकुलसचिव।
3. एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त कार्यालय ज्ञाप को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4. निजि सचिव कुलपति को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
5. वैयक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी / कुलसचिव / परीक्षा नियंत्रक।
6. आदेश पुस्तिका।

(राज बहादुर)
उपकुलसचिव (गोपनीय)

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित सम्मानित दैनिक समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त कार्यालय ज्ञाप को अपने दैनिक समाचार पत्रों के अगले संस्करण में निशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

1. दैनिक जागरण 2. अमर उजाला 3. हिन्दुस्तान, 4. द टाईम्स आफ इण्डिया।

(राज बहादुर)
उपकुलसचिव (गोपनीय)